Shikshan Prasarak Mandal's
GOPAL KRISHNA GOKHALE COLLEGE,
KOLHAPUR.
'B' Ward, Subhash Road, Kolhapur - 416 012. P. Box No.-3
Ph. No. (0231) 2642540 / 2642340
NAAC Accredited "B" (C.G.P.A.2.85) Dt. 21/2/2014 (2nd Cycle)
E-mail : gkgcollege1950@gmail.com
Web Site : www.gkgcollege.com
I/C Prin. Dr. A. B. Gadkari
M.Sc. B.Ed. M.Phil. Ph.D
U.Dies Code : 27341304307

Ref. No. GKG/ /2017-2018 Date : / / 20

# समन्वय अनुबंध

## (सामंजस्य करार)

## (MEMORANDUM OF UNDERSTANDING)

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित

हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर – 416012

तथा

गोपाळ कृष्ण गोखले कॉलेज, कोल्हापुर (महाराष्ट्र)

भारत जैसे विशाल और बहुभाषी राष्ट्र को अपनी अस्मिता, राष्ट्रीय एकता और अंतर्प्रांतीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा की नितांत आवश्यकता है। सदियों से हिंदी यह कार्य करती आई है। महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे यह संस्था महाराष्ट्र में राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार–प्रसार करनेवाली एक अग्रेसर समाजसेवी संस्था है। राष्टपिता महात्मा गांधीजी की प्रेरणा से 22 मई, 1937 को इस समाजसेवी संस्था की स्थापना हुई।

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे यह संस्था अपने केंद्रीय और विभागीय कार्यालय, भवन, ग्रंथालय, मुद्रणालय, पुस्तक भंडार, हिंदी प्राथमिक–माध्यमिक विद्यालय तथा महाविद्यालय आदि से संपन्न है। महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे द्वारा साहित्यिक पत्रिका 'राष्ट्रवाणी', मुखपत्र 'समाचार'' तथा मौलिक–अनूदित पुस्तकों का प्रकाशन किया जाता है और साहित्यिक–सांस्कृतिक संगोष्ठी 'ज्ञानदा', व्याख्यानमाला, सम्मेलन, कार्यशाला, परिसंवाद, वक्तृत्व, लेखन, पठन, कथन, मंचन प्रतियोगिताएँ आदि का आयोजन भी किया जाता है।

संक्षेप में महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे राष्ट्रीय, सांस्कृतिक, सांहित्यिक, शैक्षिक प्रवृत्तियों का संचालन करनेवाली संस्था राष्ट्रीय एकात्मता का सराहनीय कार्य कर रही है। यह संस्था ''हिंदी पढ़ो – आगे बढ़ो – भारत जोड़ो'' इस नारे को जनमानस पर अंकित कर रही है।

अतः महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे और गोपाल कृष्ण गोखले कॉलेज, कोल्हापुर के बीच शुक्रवार दि. 14/09/ 2018 को पाँच सालों के लिए समन्वय अनुबंध (सामंजस्य करार) हो रहा है। इस अनुबंध का उद्देश्य निम्नानुसार स्पष्ट किया गया है।

Scanned by CamScanner

Shikshan Prasarak Mandal's
GOPAL KRISHNA GOKHALE COLLEGE,
KOLHAPUR.
'B' Ward, Subhash Road, Kolhapur - 416 012. P. Box No.-3
Ph. No. (0231) 2642540 / 2642340
NAAC Accredited "B" (C.G.P.A.2.85) Dt. 21/2/2014 (2nd Cycle)
E-mail : gkgcollege1950@gmail.com
Web Site : www.gkgcollege.com
U.Dies Code : 27341304307
I/C Prin. Dr. A. B. Gadkari
M.Sc. B.Ed. M.Phil. Ph.D

Ref. No. GKG/ /2017-2018

Date : / / 20

नीति :–

1. हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना। राष्ट्रभाषा हिंदी को अधिकाधिक प्रसारित करना, जिससे राष्ट्रभाषा का स्वरूप सर्वग्राह्य हो।

2. राष्ट्रभाषा हिंदी का विकास देश की प्रादेशिक भाषाओं के संपर्क और उनके विकास के साथ संपन्न होता रहे।

3. अहिंदी भाषी क्षेत्र में हिंदी को प्रसारित कर राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्त्व को स्थापित करना।

4. अन्यान्य प्रदेशों में प्रादेशिक भाषाओं का स्थान और सम्मान बना रहे तथा अंतर्प्रातीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रयोग हो।

5. राष्ट्रभाषा हिंदी के द्वारा राष्ट्रीय एकात्मता निर्माण हो।

उद्देश्य :–

1. राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार करना तथा भारतीय संविधान के 17 वे भाग के 343 वीं घारा में निर्देशित राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी के प्रसार और विकास में सहायता प्रदान करना।

2. राजभाषा हिंदी की पढ़ाई का प्रावधान करना।

3. हिंदी भषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना।

4. भारत में प्रचलित सभी भाषाओं, विशेष रूप से मराठी भाषा के द्वारा हिंदी के विकास में सहायता प्रदान करने का प्रयास करना, मराठी तथा भारत में प्रचलित सभी भाषाओं का हिंदी के साथ पारस्परिक संबंध दृढ़ करने के लिए मराठी आदि भाषाओं की पढ़ाई का प्रावधान करना। उनके माध्यम से सभी पोषक प्रवृत्तियों को चलाना तथा राष्ट्रीय एकात्मता को पुष्ट करना।

5. हिंदी और मराठी साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन करके अनुसंधान की नई दिशा छात्रों को मिल जाए।

नियम :–

स्वखर्च से एक–दूसरे को सहयोग देना।

समन्वय अनुबंध की बातों का आवश्यकतानुसार नूतनीकरण करना।

पूर्व लिखित सूचना के साथ दोनों में से किसी भी संस्था को अनुबंध समाप्ति का अधिकार रहेगा।

Scanned by CamScanner

परस्पर सम्मति से निर्धारित कालावधि के बाद फिर से पाँच सालों के लिए यह समन्वय अनुबंध जारी रखा जा सकता है। इसके लिए निश्चित तारीख तथा लिखित अनुमति की आवश्यकता रहेगी।

समन्वय :–

प्रस्तुत समन्वय अनुबंध के जिम्मेदार महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित हिंदी प्रचाार केंद्र, कोल्हापुर (कोल्हापुर विभागीय समिति) के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य तथा विभाग प्रमुख रहेंगे।

प्रस्तुत समन्वय अनुबंध कानूनन प्रावधानों के साथ दो प्रतियों में कार्यान्वित हो रहा है।

उपर्युक्त दिनांक और वर्षानुसार प्रस्तुत समन्वय अनुबंध पर निम्नांकित समन्वयक अधिकारियों के हस्ताक्षर से अमल हो रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. आर. बी. भुयेकर<br>अध्यक्ष, हिंदी विभाग<br>गोपाल कृष्ण गोखले कॉलेज,<br>कोल्हापुर | डॉ. एन. व्ही. केसरकर<br>अध्यक्ष,<br>कोल्हापुर विभागीय समिति<br>महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे | डॉ ए. बी. गडकरी<br>प्रधानाचार्य,<br>गोपाल कृष्ण गोखले कॉलेज,<br>कोल्हापुर |

डॉ. कल्पना पाटोळे
हिंदी विभाग,
गोपाल कृष्ण गोखले कॉलेज,
कोल्हापुर

G. K. GOKHALE COLLEGE KOP.

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित
हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर
२६६० 'ए', बिनखांबी गणपती मंदिराजवळ,
कोल्हापुर - ४१६०१२.

Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner